आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सुखाश्रय परिसरों में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- मंत्रिमंडलीय उप–समिति ने जेओए आईटी के पोस्ट कोड 903 व 939 का परीक्षा परिणाम घोषित करने की सिफारिश की।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप–पिछले डेढ़ वर्ष में प्रदेश में ठप्प पड़े हैं विकास कार्य–राज्य सरकार को विकास पर ध्यान केन्द्रित करने की सलाह।
- मौसम विभाग ने राज्य के कई ज़िलों में अगले पांच दिन भीषण गर्मी पड़ने का जारी किया अलर्ट।

..........

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को प्रदेश में बनाए जा रहे मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम सुखाश्रय परिसरों में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज शिमला में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और निर्माणाधीन परियोजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कांगड़ा ज़िले के लुथान और मंडी ज़िले के सुंदरनगर में बनाए जा रहे सुखाश्रय परिसरों को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परिसरों में अनाथ बच्चों, विधवाओं, एकल नारियों और वृद्धजनों को सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे अनाथ बच्चों को छात्रावास की सुविधा न मिलने पर उन्हें राज्य सरकार मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत 3 हज़ार रूपये प्रति माह प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पात्र विधवाओं व एकल नारियों के प्रत्येक बच्चे को 27 वर्ष की आयु तक एक हज़ार रूपये प्रति माह दिए जाएंगे और सभी पात्र महिलाओं को हिमकेयर योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी, जिसकी प्रीमियम राशि राज्य सरकार देगी।

## सबकमेटी

प्रदेश में लंबित भर्तियों को लेकर बनाई गई मंत्रिमंडलीय उप–समिति ने जेओए आईटी के पोस्ट कोड 903 और 939 का परिणाम घोषित करने की सिफारिश की है। शिमला में आज उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में उप–समिति की बैठक हुई। पोस्ट कोड 903 में 84 पदों में से पांच आरोपी जांच के दायरे में हैं, इन्हें छोड़ कर उप–समिति ने अन्य सभी पदों का परिणाम निकालने की सिफारिश की है। इसके अलावा पोस्ट कोड 939 में भी 11 आरोपियों को छोड़ कर 2 सौ 84 पदों पर परिणाम निकालने को कहा गया है। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि दोनों पोस्ट कोड के मामले को अंतिम निर्णय के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## केंद्रीय मंत्री कार्यभार

नवगठित केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अनेक मंत्रियों ने आज अपना कार्यभार संभाला। इनमें केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय पेट्रोलियम और गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अन्नपूर्णा देवी ने महिला व बाल विकास मंत्री का पदभार संभाला। इसके अलावा कई और केंद्रीय मंत्रियों ने भी आज अपना कार्यभार संभाला।

## बधाई

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री बनने पर बधाई दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि जे.पी नड्डा केन्द्र में हिमाचल के हितों की रक्षा करेंगे और प्रदेश के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने में भरपूर सहयोग प्रदान करेंगे। धनीराम शांडिल ने नड्डा से प्रदेश में चल रहे केन्द्रीय संस्थानों को सुदृढ़ करने और केन्द्र प्रायोजित स्वास्थ्य योजनाओं को गति प्रदान करने का आग्रह किया है।

इस बीच विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी जगत प्रकाश नड्डा को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभालने पर शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि जे.पी नड्डा अपने पिछले कार्यकाल की तरह ही इस बार भी स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करेंगे।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में अब चुनाव आचार संहिता हट गई है और राज्य सरकार को विकास कार्यों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में पिछले डेढ़ वर्ष से विकास कार्य ठप्प पड़े हैं और लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि एक ओर जहां स्कूलों और अस्पतालों में निर्माण कार्य रूके हुए हैं वहीं सड़कों व पुलों का भी कोई काम नहीं हुआ है। विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य के अनेक स्थानों पर जल संकट गहरा गया है और पेयजल न मिलने से लोग परेशान है। उन्होंने सरकार से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत प्रभावी कदम उठाने क मांग की है।

सुनील शर्मा

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि प्रदेश में हुए विधानसभा उपचुनाव में जनता ने राज्य सरकार पर भरोसा जताया है और भाजपा के मनसूबों पर पानी फेर दिया है। हमीरपुर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस सरकार और मज़बूत होकर उभरी है। बिट्टू ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी के वोट प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में राज्य सरकार ने हमीरपुर में तीन बड़े कार्यालय खोले और कई वर्षों से लटके अंतर्राज्यीय बस अड्डे का कार्य भी आरंभ करवाया। सुनील शर्मा बिट्टू ने हमीरपुर–देहरा और नालागढ़ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा भी किया।

सर्वोच्च न्यायालय–नीट

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट के बाद मेडिकल कार्यक्रमों में प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अदालत ने 5 मई को आयोजित नीट परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए और अन्य से जवाब मांगा है। इस मामले को एक अन्य लंबित याचिका के साथ जोड़कर अब 8 जुलाई को सुनवाई होगी।

परीक्षा में कदाचार और धोखाधड़ी की शीघ्र व गहन जांच करने के लिए छात्रों द्वारा याचिका दायर की गई है। इसमें परीक्षा के नतीजों को वापस लेने और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने की भी मांग की गई है।

राजीव भारद्वाज

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह जनमत खो चुकी है और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को 61 विधानसभा क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा है। धर्मशाला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अपनी ही पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं और अंतर्कलह साफ दिखाई दे रही है। राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने चहेतों को कैबिनेट रैंक के साथ बोर्डों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद बांट रही है।

बस सेवा

देश के सबसे लंबे 9 सौ 81 किलोमीटर दिल्ली–लेह रूट के तहत केलंग से लेह के बीच आज से बस सेवा शुरू हो गई है। केलंग के उपमंण्डल अधिकारी रजनीश शर्मा ने इस बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर लेह जाने वाले पर्यटकों व सवारियों को उपमंण्डल अधिकारी ने ख़तग पहनाकर सम्मानित किया। देश की सबसे लंबी और सबसे अधिक ऊंचाई वाली दिल्ली–लेह बस सेवा 4 दर्रो बारालाचा, नकिल्ला, लाचुंगला और तांगलांग्ला दर्रे से होकर लद्दाख पहुंचेगी। ये सफर लगभग 33 घण्टे में पूरा होगा और इसका किराया एक हजार 6 सौ 27 रुपये तय किया गया है। राज्य परिवहन निगम की क्षेत्रीय प्रबंधक राधा देवी ने बताया कि निगम जल्द ही नीमू पदुम दारचा सड़क और शिंकुला दर्रा होकर नया रूट आरम्भ करने जा रहा है। निगम प्रबंधन से अनुमति मिलने पर 15 जुलाई से इस नए रूट पर बस सेवा आरंभ होगी।

मनीष गर्ग

हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे। इन क्षेत्रों में निर्दलीय विधायकों द्वारा इस्तीफे देने के बाद उपचुनाव हो रहे हैं। उपचुनावों की घोषणा के साथ ही हमीरपुर, कांगड़ा और सोलन जिलों में तुरंत प्रभाव से

आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग द्वारा 14 जून को अधिसूचना जारी की जाएगी और उसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। उम्मीदवार 21 जून तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इन नामांकन पत्रों की जांच 24 जून को होगी जबकि 26 जून को इच्छुक प्रत्याशी अपने नाम वापिस ले सकेंगे। मतदान 10 जुलाई को होगा जबकि मतगणना 13 जुलाई को की जाएगी।

शपथ

प्रदेश में पहली जून को 6 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले सदस्यों को कल शपथ दिलाई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया विधानसभा सचिवालय के पुस्तकालय कक्ष में इन्हें शपथ दिलाएंगे। उल्लेखनीय है कि उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 4 जबकि भाजपा ने 2 सीटों पर जीत हासिल की है। लाहौल स्पिति से अनुराधा राणा, सुजानपुर से कैप्टन रणजीत सिंह, कुटलैहड़ से विवेक शर्मा, गगरेट से राकेश कालिया, धर्मशाला से सुधीर शर्मा और बड़सर से इन्द्र दत्त लखनपाल चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। उल्लेखनीय है कि इस उपचुनाव के बाद विधानसभा में कांग्रेस विधायकों की संख्या बढ़कर 38 जबकि भाजपा विधायकों की संख्या 27 हो गई है।

मौसम

प्रदेश के कई ज़िलों में अगले पांच दिन भीषण गर्मी पड़ने का अलर्ट जारी किया गया है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक सुरेन्द्र पॉल ने बताया कि पिछले 24 घंटों में प्रदेश के तापमान में सामान्य से एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अगले 48 घंटों में प्रदेश के 6 ज़िलों हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, मंडी, सोलन और सिरमौर में हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है। सुरेन्द्र पॉल ने लोगों से इस दौरान एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 17 जून से प्री–मॉनसून की वर्षा होने की संभावना है जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकेगी।

----------